हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर

drishtiias.com/hindi/printpdf/light-combat-helicopter

हाल ही में प्रधानमंत्री ने भारतीय स्टार्टअप्स द्वारा **स्वदेशी रूप से निर्मित लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (HAL's LCH), के दो लघु ड्रोन ('SWITCH 10 UAV' और 'MR-20)** वायु सेना को सौंपे।

> एलसीएच मुख्यत: **'मेक इन इंडिया'** योजना के अंतर्गत निर्मित है जिसे निजी उद्योग की भागीदारी के साथ बनाया गया है।

प्रमुख बिंदु

- **परिचय:**
  - एलसीएच **हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) के हेलीकॉप्टर डिवीज़न** के लिये एक **नया उपकरण** है। यह दो इंजन वाला हेलीकॉप्टर 5 से 8 टन वर्ग का एक समर्पित लड़ाकू हेलीकॉप्टर है।
  - LCH में प्रभावी युद्धक भूमिकाओं के लिये **उन्नत तकनीकों और स्टील्थ सुविधाओं को शामिल किया गया है** और इसे शत्रु की वायु रक्षा, प्रतिवाद, अन्वेषण व बचाव, टैंक-रोधी, काउंटर सरफेस फोर्स ऑपरेशंस आदि जैसी भूमिकाओं को पूरा करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
  - LCH दुनिया का एकमात्र हमला करने वाला हेलीकॉप्टर है जो 5,000 मीटर की ऊँचाई पर हथियारों और ईंधन के काफी भार के साथ उतरने और उड़ान भर सकता है।
  - यह बर्फ की चोटियों पर माइनस 50 डिग्री सेल्सियस से लेकर रेगिस्तान में 50 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में भी प्रभावी है।
  - LCH को एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टरों के अलावा चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अंततः सेवा में तैनात किया जाएगा।
- **'स्विच 1.0 UAV' and 'MR-20:**
  - **'स्विच 1.0 UAV:**
    - स्विच 1.0 यूएवी, 1.5 घंटे की उड़ान अवधि और 15 किलोमीटर की अपनी अद्वितीय क्षमताओं के साथ 4500 मीटर से अधिक ऊँचाई पर उड़ सकता है।
    - इसमें लगभग 90 मिनट का एंड्यूरेंस है तथा यह भारत की सीमाओं पर दिन और रात की निगरानी के लिये कठोर वातावरण और अत्यधिक ऊँचाई के तहत भारतीय सेना के निगरानी अभियानों का समर्थन करेगा।
  - **'MR-20':**
    - MR-20 हेक्साकॉप्टर ड्रोन 20 किलोग्राम तक का भार ले जाने की क्षमता रखता है।
    - इसका उपयोग भोजन, आवश्यक वस्तुओं, आपातकालीन चिकित्सा सहायता, गोला-बारूद और हथियारों को अग्रेषण क्षेत्रों में ऊँचाई पर तैनात सैनिकों तक पहुँचाने के लिये किया जाएगा।